जैन समाज संभवतया देश का सबसे प्रबुद्ध एवम् संपन्न वर्ग है। कुछ वर्षो पूर्व शासन एवम् प्रशासन में भी इस समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान था। हिन्दी भाषी प्रदेशों में तथा प्रमुख अखिल भारतीय सेवा में बड़ी संख्या में जैन अधिकारी चयनित होते थे। 1991 में उदारीकरण वैश्वीकरण एवम् निजीकरण के दौर का शुभारंभ हुआ जिसके परिणाम स्वरूप प्रतिभाशाली जैन युवक युवतियों ने निजी क्षेत्र के पैकेज के प्रलोभन में प्रशासनिक सेवाओं की ओर रूझान कम कर लिया।

यह एक तथ्य है कि जैन छात्र छात्राएं बहुत प्रतिभावान होते हैं। विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं एवम् विश्वविद्यालयों की योग्यता सूची में बड़ी संख्या में जैन समाज के सदस्य होते हैं। निजी नौकरियों में निस्संदेह पैसा अधिक मिल सकता है। लेकिन समाज के निर्धन एवं वंचित वर्ग की सेवा करने का जो अवसर सिविल सेवाओं के माध्यम से उन्हें मिल सकता है, उससे वे वंचित हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि अधिकांश जैन अधिकारियों ने ईमानदारी संवेदनशीलता एवम् कार्य कुशलता के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। जैन धर्म के मूल सिद्धान्तो पर आधारित कार्य एवम् व्यवहार सुशासन की नीव है।

जैन समाज के शासन प्रशासन में घटते प्रभाव का दुष्प्रभाव समाज के विभिन्न वर्गो जैसे व्यापारी, उद्योगपति, अधिकारी पर पड़ा। ऐसे कई प्रकरण सामने आए जिनमें इन्हें अनावश्यक प्रतिरोध की भावना से प्रताड़ित किया गया।

इस परिप्रेक्ष्य में जैन समाज के कुछ प्रमुख व्यक्तियों ने धर्मगुरूओं के सान्निध्य में इस स्थिति में सुधार के उद्देश्य से जीतो एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउन्डेशन (JATF) की स्थापना की। इसका प्रमुख उद्देश्य प्रतिभावान जैन छात्र छात्राओं में सिविल सेवाओं के प्रति रूचि उत्पन्न करना एवम् जिन छात्रा छात्राओं को आर्थिक संबलन की आवश्यकता है, उन्हे सुविधा युक्त निःशुल्क छात्रावास की सुविधा के साथ उपयुक्त निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्तियों के चयन हेतु वर्ष में दो बार प्रवेश परीक्षा एवम् साक्षात्कार आयोजित किये जाते है।

सभी पाठकों से अनुरोध है कि समाज के अधिकाधिक परिवारों तक यह जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि इस व्यवस्था का लाभ लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं में चयन के माध्यम से प्रशासन में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें।

यदि इस संबंध में कोई प्रश्न हो या अतिरिक्त जानकारी चाहे तो JATF के मुख्यालय 901, कारपोरेट एवेन्यु, सोनावाला रोड़, गोरेगांव (पूर्व), मुम्बई – 400053, मुम्बई : 022–67100255 / 67254838, ई–मेलः info@jitoatf.org, वेबसाईटः www.jitoatf.org पर सम्पर्क करें।

शुभकामनाओं सहित ।

राजेन्द्र भाणावत
पूर्व आई.ए.एस
email:-rbhanawat2000@yahoo.co.in